कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए साझेदारी

नई दिल्ली, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत को 2070 तक कार्बन नेट जीरो बनाने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता से देश का कॉरपोरेट नेतृत्व उत्साहित है। इस संकल्प को आगे बढ़ाते हुए, अपने-अपने क्षेत्र में भारत की सबसे बड़ी दो कंपनियों ने इस सपने को साकार करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। फ्लेक्सिबल पैकिंग सामग्री और समाधान के क्षेत्र में भारत की सबसे बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनी यूफ्लेक्स ने भारत की सबसे तेजी से बढ़ती कार्बन क्रेडिट कंसलटेंसी क्रेड्यूस के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है और इसे अपना सलाहकार भागीदार बनाया ताकि एंड-टू-एंड कार्बन न्यूट्रैलिटी हासिल की जा सके। यूफ्लेक्स में फ्लेक्सिबल पैकेजिंग बिजनेस के ज्वाइंट प्रेसिडेंट जीवराज पिल्लई का कहना है, हम हमेशा अपने समूह को स्थायी पर्यावरणीय प्रथाओं की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध थे, हम पूरे समूह में वर्ष 2024 के अंत तक लगभग 175,000 टन कार्बन उत्सर्जन के बराबर कटौती करना चाहते हैं। यूफ्लेक्स के महाप्रबंधक एचआर एवं सस्टेनेबिलिटी, मानस कुमार सरकार कहते हैं, सामाजिक पर्यावरणीय सस्टेनेबिलिटी पिछले कुछ समय से हमारे मुख्य संगठनात्मक मूल्यों में से एक रहा है और हमने हमेशा अपने कामकाज के सभी क्षेत्रों में इसे व्यक्त और आत्मसात किया है।